**दिनांक–08.03.2025 को जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

दिनांक–08.03.2025 को भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय द्वारा संचालित विशेष सर्वेक्षण की प्रगति की समीक्षा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना, विशेष कार्य पदाधिकारी, अवर सचिव, प्रशाखा पदाधिकारी एवं भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों तथा सभी प्रमण्डलों के नोडल पदाधिकारियों के साथ–साथ विशेष सर्वेक्षण कार्य में संलग्न हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मियों की उपस्थिति में की गई।

समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम निदेशालय में पदस्थापित पदाधिकारियों के बीच कार्यों के वितरण के संबंध में पृच्छा करने पर निम्न जानकारी उपलब्ध करायी गयी :–

| | पदाधिकारी का नाम | आवंटित कार्य |
|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश कुमार सिंह, अनुदेशक | तिरहुत प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी |
| 2. | श्री आशुतोष कुमार, अनुदेशक | मगध प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी |
| 3. | श्री पंकज कुमार, अनुदेशक | मुंगेर प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी |
| 4. | श्री गोपी नाथ मंडल, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | पूर्णियाँ प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी |
| 5. | श्रीमती रश्मि राज स्वेता, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | कोशी प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी |
| 6. | श्रीमती पल्लवी, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | पटना प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी |
| 7. | श्री नागेन्द्र प्रसाद, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | भागलपुर प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी |
| 8. | श्री लक्ष्मण प्रसाद, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | सारण प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी |
| 9. | श्री शिवशंकर प्रसाद गुप्ता, राजस्व अधिकारी –सह–कानूनगो | दरभंगा प्रमंडल के नोडल पदाधिकारी |
| 10. | श्री प्रवीण कुमार, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | एम0आई0एस0/सर्वे से संबंधित सॉफ्टवेयर |
| 11. | श्री मनोज कुमार गुप्ता, राजस्व अधिकारी –सह–कानूनगो | NAKSHA (URBAN SURVEY) |
| 12. | श्री अशोक कुमार शर्मा, अनुदेशक | न्यायालय संबंधी कार्य |
| 13. | श्री वीरेन्द्र कुमार, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | विशेष सर्वेक्षण कोषांग |
| 14. | श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | |

1. **विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण की प्रगति** :– समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम सभी प्रमण्डलों के नोडल पदाधिकारियों से जिलास्तरीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा किये जाने के संबंध में सर्वप्रथम विगत 01 वर्ष में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रथम चरण की प्रगति की तुलनात्मक समीक्षा मार्च, 2024 एवं फरवरी, 2025 के आलोक में की गई, जो निम्नवत पायी गयीः–

## SPECIAL SURVEY 2024 :: DISTRICT REPORT : MARCH 4TH Week PHASE - 1

| SL No. | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | 7 | | 8 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Boundary Updated Map's Supply (5%) | | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule7) (20%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (25%) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) (15%) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) (15%) | | Target of Darft Publication This Week | Darft Publication Form-12 (Mauza) (10%) | | Final Publication Form-20 (Mauza)(10%) | | RANK |
| District | | | | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | Weekly Target | A. COUNT | % | A. COUNT | % | |
| SHEIKHPURA | 6 | 15 | 284 | 284 | 100.0 % | 284 | 100.0 % | 280 | 98.59 % | 267 | 94.01 % | 263 | 92.61 % | 284 | 252 | 88.73 % | 164 | 57.75 % | 1 |
| KATIHAR | 3 | 7 | 167 | 167 | 100.0 % | 167 | 100.0 % | 167 | 100.0 0% | 166 | 99.40 % | 159 | 95.21 % | 167 | 120 | 71.86 % | 50 | 29.94 % | 2 |
| MUNGER | 5 | 13 | 306 | 306 | 100.0 % | 306 | 100.0 % | 300 | 98.04 % | 294 | 96.08 % | 292 | 95.42 % | 306 | 266 | 86.93 % | 42 | 13.73 % | 3 |
| JEHANABAD | 4 | 10 | 240 | 240 | 100.0 % | 240 | 100.0 % | 231 | 96.25 % | 215 | 89.58 % | 195 | 81.25 % | 240 | 163 | 67.92 % | 74 | 30.83 % | 4 |
| PURNIA | 1 | 4 | 72 | 72 | 100.0 % | 72 | 100.0 % | 67 | 93.06 % | 61 | 84.72 % | 60 | 83.33 % | 72 | 60 | 83.33 % | 2 | 2.78 % | 5 |
| BANKA | 5 | 12 | 309 | 309 | 100.0 % | 309 | 100.0 % | 274 | 88.67 % | 255 | 82.52 % | 255 | 82.52 % | 309 | 217 | 70.23 % | 55 | 17.80 % | 6 |
| NALANDA | 9 | 17 | 396 | 396 | 100.0 % | 396 | 100.0 % | 342 | 86.36 % | 309 | 78.03 % | 287 | 72.47 % | 396 | 262 | 66.16 % | 20 | 5.05 % | 7 |
| BEGUSARAI | 10 | 19 | 435 | 435 | 100.0 % | 435 | 100.0 % | 344 | 79.08 % | 313 | 71.95 % | 294 | 67.59 % | 435 | 271 | 62.30 % | 189 | 43.45 % | 8 |
| MADHEPURA | 4 | 6 | 114 | 114 | 100.0 % | 114 | 100.0 % | 114 | 100.0 0% | 81 | 71.05 % | 66 | 57.89 % | 114 | 54 | 47.37 % | 4 | 3.51 % | 9 |
| ARARIA | 2 | 6 | 144 | 144 | 100.0 % | 144 | 100.0 % | 128 | 88.89 % | 100 | 69.44 % | 99 | 68.75 % | 144 | 85 | 59.03 % | 4 | 2.78 % | 10 |
| LAKHISARAI | 5 | 16 | 387 | 387 | 100.0 % | 387 | 100.0 % | 309 | 79.84 % | 270 | 69.77 % | 259 | 66.93 % | 387 | 239 | 61.76 % | 52 | 13.44 % | 11 |
| W. CHAMPARAN | 4 | 11 | 281 | 281 | 100.0 % | 281 | 100.0 % | 216 | 76.87 % | 185 | 65.84 % | 178 | 63.35 % | 281 | 162 | 57.65 % | 47 | 16.73 % | 12 |
| SHEOHAR | 3 | 3 | 80 | 80 | 100.0 % | 80 | 100.0 % | 64 | 80.00 % | 49 | 61.25 % | 49 | 61.25 % | 80 | 43 | 53.75 % | 16 | 20.00 % | 13 |
| SAHARSA | 3 | 5 | 122 | 122 | 100.0 % | 122 | 100.0 % | 119 | 97.54 % | 79 | 64.75 % | 62 | 50.82 % | 122 | 45 | 36.89 % | [illegible] | [illegible] | 14 |
| KHAGARIA | 4 | 7 | 158 | 158 | 100.0 % | 158 | 100.0 % | 126 | 79.75 % | 99 | 62.66 % | 95 | 60.13 % | 158 | 83 | 52.53 % | 8 | 5.06 % | 15 |
| ARWAL | 5 | 13 | 312 | 312 | 100.0 % | 312 | 100.0 % | 246 | 78.85 % | 210 | 67.31 % | 192 | 61.54 % | 312 | 114 | 36.54 % | 1 | 0.32 % | 16 |
| SITAMARHI | 4 | 9 | 253 | 253 | 100.0 % | 253 | 100.0 % | 189 | 74.70 % | 141 | 55.73 % | 133 | 52.57 % | 253 | 104 | 41.11 % | 4 | 1.58 % | 17 |
| JAMUI | 3 | 6 | 155 | 155 | 100.0 % | 155 | 100.0 % | 99 | 63.87 % | 87 | 56.13 % | 82 | 52.90 % | 155 | 78 | 50.32 % | 17 | 10.97 % | 18 |
| SUPAUL | 5 | 12 | 252 | 252 | 100.0 % | 252 | 100.0 % | 145 | 57.54 % | 139 | 55.16 % | 138 | 54.76 % | 252 | 123 | 48.81 % | 45 | 17.86 % | 19 |
| KISHANGANJ | 4 | 17 | 460 | 460 | 100.0 % | 460 | 100.0 % | 299 | 65.00 % | 218 | 47.39 % | 193 | 41.96 % | 460 | 140 | 30.43 % | 3 | 0.65 % | 20 |
| Total Count | 89 | 208 | 4927 | 4927 | 100.0 % | 4927 | 100% | 4059 | 84.1 % | 3538 | 72.14 % | 3351 | 68.16 % | 4927 | 2881 | 58.60 % | 797 | 14.71 % | |

**Best Performing Districts :**

| | | |
|---|---|---|
| SHEIKHPURA | KATIHAR | MUNGER |

**Least Performing Districts :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ARWAL | SITAMARHI | JAMUI | SUPAUL | KISHANGANJ |

## SPECIAL SURVEY 2025 :: DISTRICT REPORT : February 3rd WEEK PHASE - 1

| Sl. No. | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | 7 | | 8 | | RANK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Boundary Updated Map's Supply (5%) | | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule7) (20%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (25%) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) (15%) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) (15%) | | Target of Darft Publication This Week | Darft Publication Form-12 (Mauza) (10%) | | Final Publication Form-20 (Mauza)(10%) | | RANK |
| District | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | Weekly Target | A. COUNT | % | A. COUNT | % | RANK |
| ARARIA | 2 | 6 | 153 | 153 | 100.0% | 153 | 100.0% | 152 | 99.35% | 124 | 81.05% | 124 | 81.05% | 153 | 92 | 60.13% | 4 | 2.61% | 7 |
| ARWAL | 5 | 13 | 312 | 312 | 100.0% | 312 | 100.0% | 297 | 95.19% | 238 | 76.28% | 229 | 73.40% | 312 | 185 | 59.29% | 1 | 0.32% | 13 |
| BANKA | 5 | 12 | 933 | 933 | 100.0% | 933 | 100.0% | 417 | 44.69% | 329 | 35.26% | 321 | 34.41% | 933 | 255 | 27.33% | 55 | 5.89% | 20 |
| BEGUSARAI | 10 | 19 | 438 | 438 | 100.0% | 438 | 100.0% | 384 | 87.67% | 334 | 76.26% | 328 | 74.89% | 438 | 299 | 68.26% | 219 | 50.00% | 6 |
| JAMUI | 3 | 6 | 220 | 220 | 100.0% | 220 | 100.0% | 182 | 82.73% | 98 | 44.55% | 95 | 43.18% | 220 | 84 | 38.18% | 17 | 7.73% | 19 |
| JEHANABAD | 4 | 10 | 240 | 240 | 100.0% | 240 | 100.0% | 237 | 98.75% | 228 | 95.00% | 218 | 90.83% | 240 | 205 | 85.42% | 108 | 45.00% | 2 |
| KATIHAR | 3 | 7 | 178 | 178 | 100.0% | 178 | 100.0% | 167 | 93.82% | 167 | 93.82% | 156 | 87.64% | 178 | 156 | 87.64% | 69 | 38.76% | 4 |
| KHAGARIA | 4 | 7 | 157 | 157 | 100.0% | 157 | 100.0% | 152 | 96.82% | 123 | 78.34% | 121 | 77.07% | 157 | 96 | 61.15% | 19 | 12.10% | 9 |
| KISHANGANJ | 4 | 17 | 451 | 451 | 100.0% | 451 | 100.0% | 445 | 98.67% | 267 | 59.20% | 235 | 52.11% | 451 | 208 | 46.12% | 3 | 0.67% | 17 |
| LAKHISARAI | 5 | 16 | 400 | 400 | 100.0% | 400 | 100.0% | 369 | 92.25% | 363 | 90.75% | 278 | 69.50% | 400 | 269 | 67.25% | 67 | 16.75% | 8 |
| MADHEPURA | 4 | 6 | 114 | 114 | 100.0% | 114 | 100.0% | 97 | 85.09% | 89 | 78.07% | 70 | 61.40% | 114 | 62 | 54.39% | 4 | 3.51% | 14 |
| MUNGER | 5 | 13 | 306 | 306 | 100.0% | 305 | 99.7% | 304 | 99.35% | 300 | 98.04% | 299 | 97.71% | 306 | 298 | 97.39% | 46 | 15.03% | 3 |
| NALANDA | 9 | 17 | 396 | 396 | 100.0% | 393 | 99.2% | 383 | 96.72% | 355 | 89.65% | 318 | 80.30% | 396 | 310 | 78.28% | 19 | 4.80% | 5 |
| PURNIA | 1 | 4 | 87 | 87 | 100.0% | 87 | 100.0% | 80 | 91.95% | 70 | 80.46% | 67 | 77.01% | 87 | 63 | 72.41% | 2 | 2.30% | 12 |
| SAHARSA | 3 | 5 | 122 | 122 | 100.0% | 122 | 100.0% | 120 | 98.36% | 76 | 62.30% | 71 | 58.20% | 122 | 57 | 46.72% | 7 | 5.74% | 16 |
| SHEIKHPURA | 6 | 15 | 284 | 284 | 100.0% | 284 | 100.0% | 284 | 100.00% | 274 | 96.48% | 273 | 96.13% | 284 | 265 | 93.31% | 208 | 73.24% | 1 |
| SHEOHAR | 3 | 3 | 80 | 80 | 100.0% | 80 | 100.0% | 79 | 98.75% | 58 | 72.50% | 54 | 67.50% | 80 | 48 | 60.00% | 16 | 20.00% | 11 |
| SITAMARHI | 4 | 9 | 253 | 253 | 100.0% | 253 | 100.0% | 252 | 99.60% | 160 | 63.24% | 145 | 57.31% | 253 | 115 | 45.45% | 5 | 1.98% | 15 |
| SUPAUL | 5 | 12 | 252 | 252 | 100.0% | 252 | 100.0% | 203 | 80.56% | 157 | 62.30% | 149 | 59.13% | 252 | 132 | 52.38% | 45 | 17.86% | 18 |
| W. CHAMPARAN | 4 | 11 | 281 | 281 | 100.0% | 281 | 100.0% | 274 | 97.51% | 213 | 75.80% | 206 | 73.31% | 281 | 176 | 62.63% | 47 | 16.73% | 10 |
| Total Count | 89 | 208 | 5657 | 5657 | 100.0% | 5653 | 100% | 4878 | 91.9% | 4023 | 75.47% | 3757 | 70.60% | 5657 | 3375 | 63.19% | 961 | 17.05% | |

**Best Performing Districts :**

| | | |
|---|---|---|
| SHEIKHPURA | JEHANABAD | MUNGER |

**Least Performing Districts :**

[redacted]

मार्च, 2024 एवं फरवरी, 2025 की तुलनात्मक प्रगति के उपरांत वर्त्तमान समय में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रथम चरण के 20 जिलों में प्रारूप अधिकार अभिलेख से अंतिम अधिकार अभिलेख के मध्य की वर्त्तमान प्रगति की समीक्षा की गयी, जो निम्नवत पायी गयीः–

**बिहार विशेष सर्वेक्षण के अर्न्तगत प्रथम चरण में प्रारूप अधिकार अभिलेख (प्रपत्र 12) से अंतिम अधिकार अभिलेख (प्रपत्र 20) के बीच का प्रगति प्रतिवेदन**

| क्र० सं० | जिला का नाम | प्रथम चरण में सर्वे प्रारंभ राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रारूप प्रकाशन (प्रपत्र 12) हेतु लंबित राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रारूप प्रकाशन (प्रपत्र 12) पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रारूप प्रकाशन (प्रपत्र-12) के बाद निर्धारित तिथि के अन्दर दावा/आक्षेप अप्राप्त राजस्व गामों की संख्या | प्रारूप प्रकाशन (प्रपत्र-12) के बाद निर्धारित तिथि के अन्दर दावा/आक्षेप प्राप्त राजस्व गामों की संख्या | प्रारूप प्रकाशन (प्रपत्र-12) के पश्चात प्राप्त दावा/आक्षेप की सुनवाई पूर्ण कर आदेश पारित राजस्व ग्रामों की संख्या | विश्रान्ति की स्थिति | | | प्रपत्र 18 की स्थिति | प्रपत्र 18 (क) की स्थिति | | | प्रपत्र 19 की स्थिति | अंतिम अधिकार अभिलेख (प्रपत्र-20) प्रकाशित राजस्व ग्रामों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | विश्रान्ति के लिए प्राप्त राजस्व ग्रामों की संख्या | विश्रान्ति कार्य सम्पन्न राजस्व ग्रामों की संख्या | विश्रान्ति कार्य के लिए लंबित राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रपत्र 18 में नया अधिकार अभिलेख (तैरिज) पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रपत्र 18 क हेतु प्राप्त राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रपत्र 18 क में लगान निर्धारित राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रपत्र 18 क के लिए लंबित राजस्व ग्रामों की संख्या | प्रपत्र 19 में नया खेसरा पंजी पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9A | 9B | 9C | 10 | 11A | 11B | 11C | 12 | 13 | 14 |
| 1 | अररिया | 153 | 61 | 92 | 1 | 91 | 87 | 65 | 43 | 22 | 43 | 43 | 28 | 15 | 10 | 4 | |
| 2 | अरवल | 312 | 45 | 141 | 37 | 104 | 123 | 57 | 40 | 17 | 40 | 40 | 1 | 39 | 1 | 1 | |
| 3 | बांका | 933 | 679 | 255 | 32 | 216 | 201 | 219 | 88 | 131 | 85 | 84 | 62 | 22 | 62 | 55 | |
| 4 | बेगूसराय | 438 | 141 | 299 | 80 | 214 | 207 | 271 | 239 | 32 | 229 | 229 | 229 | 0 | 219 | 219 | |
| 5 | जमुई | 220 | 140 | 84 | 14 | 66 | 50 | 80 | 46 | 34 | 31 | 31 | 27 | 4 | 17 | 17 | |
| 6 | जहानाबाद | 240 | 35 | 205 | 20 | 184 | 165 | 185 | 134 | 51 | 108 | 108 | 108 | 0 | 108 | 108 | |
| 7 | कटिहार | 178 | 22 | 156 | 71 | 85 | 85 | 141 | 129 | 12 | 76 | 76 | 70 | 6 | 70 | 69 | |
| 8 | खगड़िया | 157 | 61 | 96 | — | 96 | 84 | 25 | 15 | 10 | 28 | 25 | 19 | 6 | — | 19 | |
| 9 | किशनगंज | 451 | 243 | 208 | — | 208 | 40 | 33 | 4 | 29 | 3 | 4 | 3 | 1 | 3 | 3 | |
| 10 | लखीसराय | 400 | 131 | 269 | 59 | 210 | 193 | 248 | 76 | 172 | 70 | 76 | 73 | 3 | 67 | 67 | |
| 11 | मधेपुरा | 114 | 52 | 62 | 0 | 62 | 62 | 29 | 15 | 14 | 15 | 15 | 5 | 10 | 5 | 4 | |
| 12 | मुंगेर | 306 | 8 | 298 | 0 | 298 | 229 | 229 | 118 | 111 | 67 | 67 | 61 | 6 | 46 | 46 | |
| 13 | नालंदा | 396 | 85 | 310 | 5 | 305 | 243 | 235 | 125 | 110 | 67 | 67 | 67 | 0 | 19 | 19 | |
| 14 | पूर्णियाँ | 87 | 11 | 63 | 0 | 65 | 63 | 63 | 63 | 2 | 50 | 50 | 45 | 5 | 45 | 2 | |
| 15 | सहरसा | 122 | 65 | 53 | 0 | 53 | 42 | 9 | 4 | 5 | 7 | 10 | 7 | 10 | 7 | 7 | |
| 16 | शेखपुरा | 284 | 19 | 265 | 0 | 265 | 223 | 224 | 224 | 0 | 224 | 224 | 220 | 3 | 220 | 208 | |
| 17 | शिवहर | 80 | 31 | 49 | 0 | 49 | 35 | 35 | 16 | 19 | 16 | 16 | 16 | 19 | 16 | 16 | |
| 18 | सीतामढी | 253 | 138 | 115 | 0 | 115 | 92 | 19 | 6 | 13 | 6 | 6 | 5 | 1 | 5 | 5 | |
| 19 | सुपौल | 252 | 120 | 132 | 0 | 132 | 106 | 65 | 55 | 10 | 48 | 48 | 45 | 3 | 45 | 45 | |
| 20 | प० चम्पारण | 281 | 105 | 176 | 15 | 111 | 97 | 97 | 55 | 42 | 48 | 48 | 48 | — | 47 | 47 | |
| | | **5657** | **2192** | **3328** | **334** | **2929** | **2427** | **2329** | **1495** | **836** | **1261** | **1267** | **1139** | **153** | **1012** | **961** | |

D:\Sanjeev-2025\Virendra Kumar, ASO\Proceeding_SO Meeting\Proceeding_08.03.2025.docx

समीक्षा में पाया गया कि गत 01 वर्ष में मात्र 164 ग्रामों का अंतिम अधिकार अभिलेख एवं 494 राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किया गया है। सभी पदाधिकारियों को स्मारित किया गया कि प्रथम चरण के 5657 राजस्व ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य मार्च, 2024 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित था। विगत 01 वर्ष में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम में तकनीकी समस्या यथा–सर्वर से संबंधित समस्या अक्टूबर, 2024 से द्वितीय चरण का कार्य प्रारंभ किये जाने के उपरांत उत्पन्न हुई है।

इस आलोक में वर्त्तमान में भी 2282 राजस्व ग्रामों में प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन नहीं होना अत्यंत खेदजनक है। विभिन्न जिलों के नोडल पदाधिकारियों से पृच्छा की गयी कि विशेष सर्वेक्षण कार्य के प्रथम चरण की प्रगति के संबंध में जिलास्तरीय अनुश्रवण किस प्रकार किया गया एवं विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा जिलों का भ्रमण किया गया अथवा नहीं। समीक्षा में पाया गया कि माह–अगस्त–सितम्बर, 2024 में श्रीमती पल्लवी द्वारा नालंदा एवं श्री पंकज कुमार द्वारा लखीसराय में भ्रमण किये जाने के अतिरिक्त श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा मई, 2024 में शिवहर जिले का भ्रमण किया गया था। जिलास्तरीय अनुश्रवण के सम्बन्ध में विभिन्न शिविरों में प्राप्त दावा, आपत्ति और उनके निष्पादन इत्यादि के सम्बन्ध में नोडल पदाधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका। प्रथम चरण अन्तर्गत जिन ग्रामों के खतियान अथवा मानचित्र अनुपलब्ध हैं, उनके सम्बन्ध में पृच्छा की गई कि– इस सम्बन्ध में क्या किसी ग्राम या पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि अथवा आम रैयतों से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया अथवा नहीं। समीक्षा में पाया गया कि किसी भी नोडल पदाधिकारी द्वारा इस दिशा में कोई भी सार्थक प्रयास नहीं किया गया है। नोडल पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण के अनेक ग्रामों में 06 माह या उससे अधिक अवधि पूर्व दावा/आपत्ति किए जाने एवं सुनवाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, किन्तु सर्वर की समस्या के कारण अपलोड करने की कार्रवाई नहीं की जा सकी।

विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रथम चरण की प्रगति के समीक्षोपरान्त निम्नांकित निदेश दिए गए:–

(i) निदेशालय स्तर से नोडल पदाधिकारियों द्वारा केवल फोन द्वारा एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्राप्त प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर जिलों के प्रगति की समीक्षा करना कार्य के सर्वथा प्रतिकूल है। **निदेशित किया गया कि आगामी सप्ताह में प्रत्येक प्रमण्डल के नोडल पदाधिकारी का त्रिदिवसीय जिलास्तरीय भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया जाए और प्रत्येक पदाधिकारी द्वारा कम–से–कम 15 शिविरों का भ्रमण कर प्रगति की गहन समीक्षा कर अधोहस्ताक्षरी को विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए।**

(ii) विशेष सर्वेक्षण की प्रगति हेतु केवल सॉफ्टवेयर एवं Whatsapp से जिला द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के स्थान पर प्रत्येक शिविर से बात कर प्रत्येक ग्राम की प्रक्रमवार प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए और समय–समय पर शिविरों का भ्रमण कर उपलब्ध कराए गए आंकड़ों को सत्यापित करना सुनिश्चित किया जाए।

(iii) नोडल पदाधिकारियों द्वारा विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के विरूद्ध उपलब्ध कराए गए प्रतिवेदन के आलोक में प्रत्येक दशा में कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए तथा पूर्व में श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा उपलब्ध कराए प्रतिवेदन के आलोक में की गई कृत कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाए।

(iv) विशेष सर्वेक्षण के प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण में जिन राजस्व ग्रामों के खतियान एवं मानचित्र अनुपलब्ध हैं, उनके सम्बन्ध में यथासंभव वहाँ के स्थानीय जनप्रतिनिधियों यथा–मुखिया/सरपंच इत्यादि से सपंर्क कर ग्राम स्तर से उन्हें उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाए। इस कार्य हेतु पंचायत विभाग से स्थानीय जनप्रतिनिधियों के मोबाईल नं0 प्राप्त किया जाए।

(v) निदेशित किया गया कि यदि किसी विशेष सर्वेक्षण शिविर में दावा, आपत्ति एवं सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हो एवं तकनीकी कारणों से अभिलेखों एवं कागजातों की अपलोडिंग नहीं की जा सकी हो तो उस परिस्थिति में जिलास्तरीय पदाधिकारी अथवा शिविर प्रभारी द्वारा सम्बन्धित अमीन/कानूनगो/विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी से सभी सम्बन्धित कागजातों को प्राप्त कर इस प्रकार संरक्षित किया जाए ताकि अभिलेखों/कागजातों में किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सके।

2. **विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के द्वितीय चरण की प्रगति** :– विशेष सर्वेक्षण के द्वितीय चरण की प्रगति की समीक्षा के क्रम में प्रपत्र–2 के ऑनलाईन/ऑफलाईन प्राप्ति एवं सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग, जिलास्तरीय उद्घोषणा, ग्राम अभिलेख का संधारण इत्यादि के सम्बन्ध में पृच्छा की गई। मगध प्रमण्डल के नोडल पदाधिकारी, **श्री आशुतोष कुमार द्वारा द्वितीय चरण अंतर्गत सर्वे का कार्य प्रारंभ होने के साथ संधारित किए जाने वाले ग्राम अभिलेख के सम्बन्ध में कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिए जाने पर खेद प्रकट किया गया।** इस बात पर भी अप्रसन्नता व्यक्त की गई कि द्वितीय चरण का कार्य प्रारंभ हुए 06 माह की अवधि बीत जाने के बाद भी किसी नोडल पदाधिकारी द्वारा किसी शिविर का निरीक्षण नहीं किया गया है।

विशेष सर्वेक्षण के द्वितीय चरण की समीक्षोपरान्त निम्नांकित निदेश दिए गएः–

विशेष सर्वेक्षण के द्वितीय चरण अन्तर्गत किए गए कार्यो एवं जिलास्तरीय समस्याओं के से सम्बन्धित प्रतिवेदन तैयार कर उपस्थापित किया जाए, यथाः–

(i) ग्राम अभिलेख संधारित किए जाने की स्थिति।

(ii) जिलास्तरीय उद्घोषणा।

(iii) ऑनलाईन/ऑफलाईन मोड़ में प्राप्त स्वघोषण एवं उनकी अपलोडिंग तथा शिविर स्तर पर अपलोडिंग हेतु लंबित स्वघोषणा।

(iv) शिविरों में मानचित्र एवं खतियान के अनुपलब्धता की ग्रामवार स्थिति।

(v) R2R सॉफ्टवेयर में कर्मियों के शिविर/ग्राम टैगिंग

(vi) जिला स्तर पर अनुश्रवण की स्थिति एवं अनुश्रवण हेतु अपनाई जा रही प्रणाली तथा गुणवत्ता की समीक्षा।

(vii) जिला स्तर पर हवाई सर्वेक्षण एजेंसी से मानचित्र उपलब्धता की स्थिति।

(viii) जिला स्तर पर रैयतों से प्राप्त होने वाले आवेदन/शिकायत के निष्पादन की स्थिति।

(ix) प्रतिदिन डिजिटाईज्ड किए जाने वाले विगत खतियान के पृष्ठों के आलोक में खतियानी विवरणी (प्रपत्र–5) के संधारण के प्रगति की समीक्षा एवं प्रतिदिन कम–से–कम पूर्व के खतियान के 20 पृष्ठों की अपलोडिंग।

(x) जिलास्तरीय स्थापना से सम्बन्धित लंबित मामलों की समीक्षा।

3. **हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा** :– समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम पृच्छा की गई कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा प्रथम एवं द्वितीय चरण के सभी मानचित्रों की सॉफ्ट प्रति निदेशालय को उपलब्ध कराई गई है अथवा नहीं। इस सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि अभी सॉफ्ट प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है। बैठक में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा विशेष सर्वेक्षण के द्वितीय चरण में प्रारंभ की जाने वाली किस्तवार प्रक्रिया में त्रिसीमाना और ग्राम सीमा सत्यापन के कार्य को कोओर्डिनेट आधारित कर कम्प्यूटर की सहायता से किए जाने के सम्बन्ध में सुझाव दिया गया।

हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के कार्यों की समीक्षा उपरान्त निम्नांकित निदेश दिए गए:–

(i) सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा विशेष सर्वेक्षण के प्रथम प्रक्रम के सभी मानचित्रों की सॉफ्ट प्रति अविलंब निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। निदेशालय में अविलंब कम–से–कम 4–4 T.B के 20 हॉर्ड डिस्कों का क्रय कर आई0टी0 सेल को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

(ii) विशेष सर्वेक्षण के द्वितीय चरण में किए जाने वाले किस्तवार प्रक्रम के त्रिसीमाना एवं ग्राम सीमा सत्यापन सम्बन्धी सुझाव को क्षेत्रीय स्तर पर किसी ग्राम में जाकर सत्यापित कर इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाए।

(iii) प्रपत्र–5 (खतियानी विवरणी) के साथ द्वितीय चरण के कार्य में स्वामित्व निर्धारण सम्बन्धी प्रपत्र में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के स्तर से खेसरावार Area Statement एवं Parent Child Relationship Data को उपलब्ध कराया जाए।

4. **अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित ग्रामों की समीक्षा** :– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के प्रथम चरण के 661 राजस्व ग्रामों की राज्यस्तरीय अधिसूचना उपरान्त शेखपुरा के घाटकुसुम्भा, शेखोपुरसराय एवं जहानाबाद के रतनीफरीदपुर ग्राम का डाटा निदेशालय एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के माध्यम से आई0आई0टी0, रूड़की को उपलब्ध करा दिया गया है।

उक्त के आलोक में निम्नांकित निदेश दिए गए :–

(i) अंतिम अधिकार अभिलेख एवं प्रकाशन उपरान्त संधारित की जाने वाली जमाबंदी पंजी के संधारण हेतु पूर्व से निदेशालय से निर्गत पत्रांक–2827 दिनांक–11.10.2022 में संधारित प्रपत्र में डाटा संधारित कर आई0टी0 मैनेजर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

(ii) यह सुनिश्चित किया जाए कि जिन ग्रामों की अंतिम अधिकार अभिलेख अधिसूचित किया गया है, उनका मानचित्र भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड कर लिया गया है।

(iii) निदेशित किया गया कि अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित एवं अधिसूचित राजस्व ग्रामों से सम्बन्धित सभी सॉफ्ट डाटा (मानचित्र समेत) Textual and Spatial Mutation सम्बन्धी कार्य करने के लिए आई0आई0टी0, रूड़की को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

5. **MIS एवं R2R सॉफ्टवेयर** :– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि सभी बन्दोबस्त कार्यालयों को पूर्व निर्धारित MIS कैलेन्डर से अवगत करा दिया गया है एवं जिलों द्वारा MIS के माध्यम से प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जा रहा है। R2R सॉफ्टवेयर में जिन कर्मियों की सम्बद्धता प्रदर्शित नहीं हो रही है, उनके सम्बन्ध में कार्रवाई की जा रही है।

निदेशित किया गया कि सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों से MIS के माध्यम से प्रतिवेदन प्राप्त किया जाए एवं नवचयनित 18 जिलों के कर्मियों को यदि MIS संधारण में कठिनाई हो तो उन्हें आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण भी दिया जाए। सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की सम्बद्धता R2R सॉफ्टवेयर में सुनिश्चित करते हुए दिनांक–11.03.2025 से विशेष सर्वेक्षण अमीन/कानूनगो का Attendence एवं डायरी के ऑनलाईन प्रविष्टि को Functional करना सुनिश्चित किया जाए।

6. **कैथी लिपि एवं नवनियुक्त कर्मियों का प्रशिक्षण** :– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि दिनांक–18.03.2025 से गया जिले में कैथी लिपि का प्रशिक्षण दिया जाना है। विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के नवनियोजन के सम्बन्ध में BCECE Board को वांछित प्रतिवेदन उपलब्ध करा दिया गया है तथा BCECE Board द्वारा पूर्व की प्रतिक्षा सूची के आलोक में यथाशीघ्र परिणाम प्रकाशित किया जाएगा।

निदेशित किया गया कि कैथी लिपि के प्रशिक्षण से सम्बन्धित विडियो तैयार कर लिए जाए ताकि इनका उपयोग अन्य जिलों तथा नवनियोजित कर्मियों द्वारा किया जा सके। भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय की वेबसाईट पर विभिन्न विषयों पर उपलब्ध विडियो क्लासेज की समीक्षा कर जिन विषयों पर विडियो बनाना आवश्यक हो उन्हें तैयार कर लिया जाए।

7. **स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन** :– बैठक में भू–अभिलेखों के स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन की अधिकृत एजेंसी, CBSL के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि राज्य के 9450 राजस्व ग्रामों का विगत सर्वे खतियान को जिला द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण उनकी स्कैनिंग नहीं की जा सकी है। साथ ही 46 अंचलों जमाबन्दी पंजी की स्कैनिंग कार्य लम्बित है। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर विगत जमींदारी रिटर्न बुझारत पंजी इत्यादि को उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण इन अभिलेखों की स्कैनिंग लम्बित है। यह भी बताया गया कि अनेक अंचलों विद्युत एवं इंटरनेट की सुविधा प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के कारण कार्य बाधित हो रहा है।

उपरोक्त के आलोक में निम्नांकित निदेश दिए गए:–

(i) सभी जिलों के समाहर्त्ताओं को अविलंब स्कैनिंग के लिए लंबित ग्रामों के सभी खतियान को स्कैनिंग करने वाली एजेंसी को उपलब्ध कराने का अनुरोध पत्र दिया जाए।

(ii) माह–अप्रैल, 2025 के अंत तक 46 अंचलों की जमाबन्दी पंजी के स्कैनिंग कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

(iii) जिला प्रशासन द्वारा जिन मौजों के खतियान के पूर्ण रूप से अनुपलब्ध रहने के सम्बन्ध में प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए, उनके सम्बन्ध में सम्बन्धित जिला प्रशासन को इस आशय का विज्ञापन प्रकाशित करने का अनुरोध किया जाए कि यदि किसी रैयत के पास पूर्व के अनुपलब्ध खतियान अथवा मानचित्र प्राप्त होते हो तो उसे स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन हेतु उपलब्ध कराया जाए।

(iv) राज्य के सभी अंचलस्तरीय अभिलेखागारों में निर्बाध विद्युत की आपूर्ति एवं इंटरनेट/वाई फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन को अनुरोध पत्र दिया जाए।

(v) 30 जून, 2025 तक राज्य के सभी अंचलों के सभी नामांतरण अभिलेखों की स्कैनिंग का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

(vi) स्कैनिंग–डिजिटाईजेशन कार्य में जहाँ कटौती कर भुगतान किया गया है, वहाँ पाई गई कमियों को दूर कर 31 मई, 2025 तक प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाए।

(vii) जिला अभिलेखागार/अंचल अभिलेखागार में स्कैनिंग का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त डिजिटाईजेशन का कार्य प्रारंभ किया जाए।

(viii) भू–अभिलेखों की डिजिटाईजेशन सम्बन्धी कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटाईज्ड किए गए अभिलेखों के Demo परीक्षण कर प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाए।

8. **अन्यान्य** :– समीक्षा में पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्रीमती अनुजा सिन्हा के सम्बन्ध में प्रतिवेदित किया गया कि उनके द्वारा शादी के लिए उपार्जित अवकाश का आवेदन दिए जाने के पश्चात् अवकाश विस्तारित करने का आवेदन दिया गया है। साथ ही यह भी बताया गया कि निदेशालय स्तर से निर्गत निदेश एवं आदेश शिविरस्तरीय कर्मियों के पास ससमय नहीं पहुँचने के कारण उनका अनुपालन ससमय नहीं हो पाता है। इसके लिए Zoom VC की व्यवस्था की जाय।

निदेशित किया गया कि श्रीमती अनुजा सिन्हा के अवकाश विस्तारित संबंधी आवेदन को अस्वीकृत करते हुए आवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाए। आई0टी0 सेल द्वारा Bulk Massaging के विकल्प के साथ Subscription लेकर राज्य के सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को उससे संबंद्ध किया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
(जय सिंह)
सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना

D:\Sanjeev-2025\Virendra Kumar, ASO\Proceeding_ SO Meeting\Proceeding_08.03.2025.docx

**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:–17–तक0 को0–312/2018–Part-IV ......................

**ज्ञापांक** : 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV......1458.................**पटना, दिनांक**: 27/03/2025

**प्रतिलिपि** : सभी समाहर्त्ता/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

27/03/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांक** : 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV......1458.................**पटना, दिनांक**: 27/03/2025

**प्रतिलिपि** : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/03/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

**ज्ञापांक** : 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV......1458.................**पटना, दिनांक**: 27/03/2025

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/अवर सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी/बजट प्रभारी, लेखा शाखा/निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल/संबंधित पदाधिकारी/कर्मी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/03/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV......1458.................**पटना, दिनांक**: 27/03/2025

**प्रतिलिपि** : श्री दीपक श्रीवास्तव, विशेषज्ञ सलाहकार,/संतोष कुमार, लेखापाल, बी0पी0एम0यू0/विजय सम्राज्य, सहायक, बी0पी0एम0यू0/प्रिसं कुमार/कुणाल किशोर, प्रोग्रामर/हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ATPL, GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/03/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV......1458.................**पटना, दिनांक**: 27/03/2025

**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/03/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17–तक0 को0–312/2018–Part-IV......1458.................**पटना, दिनांक**: 27/03/2025

**प्रतिलिपि** : निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ प्रेषित।

27/03/25
**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17-तक0 को0-312/2018-Part-IV 1458 **पटना, दिनांकः** 27/03/2025

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

27/03/25

**विशेष कार्य पदाधिकारी**
भू-अभिलेख एवं परिमाप